# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांकः 29.07.2026 को जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति एवं गुणवत्ता से सम्बन्धित सम्पन्न समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांकः 29.07.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 5:00 से 6:00 बजे तक जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति एवं गुणवत्ता के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2. जिला विकास अधिकारी, जौनपुर
3. डी0पी0आर0ओ0, जौनपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
5. श्री एस0के0 जायसवाल, डिप्टी सी0एम0ओ0, स्वास्थ्य विभाग, जौनपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, जौनपुर।
7. सहायक अभियन्ता (वि0 / यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
8. श्री प्रमोद कुमार ए0ई0, आई0डी0, जौनपुर।
9. खण्ड विकास अधिकारी, शाहगंज।
10. खण्ड विकास अधिकारी, खुटहन।
11. खण्ड विकास अधिकारी, रामपुर।
12. खण्ड विकास अधिकारी, धर्मापुर।
13. खण्ड विकास अधिकारी, डोभी।
14. खण्ड विकास अधिकारी, जलालपुर।
15. खण्ड विकास अधिकारी, सिरकोनी।
16. खण्ड विकास अधिकारी, केराकत।
17. खण्ड विकास अधिकारी, सिकरारा।
18. खण्ड विकास अधिकारी, मछलीशहर।
19. खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर।
20. खण्ड विकास अधिकारी, मुंगराबादशाहपुर।
21. सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), करंजाकला।
22. श्री कुलदीप कुमार, जू0इं0, एन0एच0आई0, जौनपुर।
23. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
24. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
25. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
26. श्री पुष्कर सिह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0), जौनपुर।
27. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।

<u>बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–</u>

(1) जिलाधिकारी की अनुमति से अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांकः 03.07.2026 को आयोजित बैठक से वर्तमान तक कुल 05 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित किया गया है। वर्तमान में 1225 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 86 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित कर सूचीबद्ध कर लिया गया है।

(2) जिलाधिकारी द्वारा बैठक में आमंत्रित सभी सदस्यों की उपस्थिति पंजिका तैयार कर उपस्थित / अनुपस्थित की स्थिति पंजिका में प्रविष्ट कर आगामी बैठकों में प्रस्तुत किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर / ए0डी0ई0एस0टी0ओ0 को निर्देशित किया गया। जिन आमंत्रित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग नहीं किया जाता है, उनके द्वारा पूर्व अनुमति लिया जाना आवश्यक है।
(कार्यवाही–ए0डी0ई0एस0टी0ओ0 / अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर )

(3) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला पेजयल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में प्रस्तुत किये गये पूर्ण योजनाओं की सूची का रैन्डम सत्यापन सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कराये जाने पर योजनाओं से सम्बन्धित कतिपय कमियाँ प्रकाश में आयी हैं, जिन्हें सूचीवद्ध कर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को उपलब्ध कराये जाने के 15 दिवस के समयान्तर्गत सभी कमियों का निराकरण आवश्यक रूप से करा दिया जाये।
(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) / मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर)

(4) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की आगामी बैठक जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से सम्बन्धित ही रहेगा जिसमें समस्याओं के निराकरण से सम्बन्धित सभी विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक रूप से बैठक में प्रतिभाग किया जाये, इसके लिए जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से सम्बन्धित सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए आगामी बैठकों हेतु पी0पी0टी0 तैयार किया जाये।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर)**

(5) जिलाधिकारी द्वारा अन्य विभागों के निर्माण कार्य में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त किये जाने से सम्बन्धित प्रकरण पर निर्देशित किया गया कि सभी विभाग किसी भी स्थान पर खुदाई सम्बन्धित कार्य किये जाने से पूर्व कॉल बिफोर यू डिग ऐप पर सम्बन्धित विभागों को आवश्यक रूप से सूचित किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे सरकार की सम्पत्तियों की अनावश्यक क्षति से बचा जा सके। जिलाधिकारी द्वारा फर्म मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) तथा मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि आप द्वारा योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करने के उपरान्त 10 वर्षों तक संचालन एवं अनुरक्षण भी किया जाना है, अतः पाइप लाइन मार्किंग/चिन्हांकन हेतु सुदृढ एवं स्थायी व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे पाइप लाइनों के क्षतिग्रस्त किये जाने से पूर्व अन्य विभागों को स्थल पर ज्ञात हो सके कि उक्त स्थल पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत आम जनमानस को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु पाइप लाइन बिछायी गयी है, जिससे भविष्य में पाइप लाइने सुरक्षित रहेंगी एवं अनुरक्षण में आने वाली अनावश्यक लागतों से बचा जा सकेगा तथां आम जनमानस को निर्बाध जलापूर्ति प्राप्त होती रहेगी।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर)**

(6) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पूर्ण योजनाओं में जलापूर्ति की स्थिति एवं निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य कराये जाने की स्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादन कराये जाने हेतु एक कुशल पर्यवेक्षण तंत्र स्थापित किया जाये, जिससे कि लिखित रूप में रिपोर्ट प्राप्त हो सके।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, टी0पी0आई0ए0 (निर्माण), टी0पी0आई0ए0 (संचालन एवं अनुरक्षण), डी0डी0एम0यू0, जौनपुर)**

(7) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/तहसीलदार की अध्यक्षता में, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी तथा जल निगम (ग्रामीण), कार्यरत फर्म के प्रतिनिधियों, टी0पी0आई0ए0 के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांकः 06, 07. 08 अगस्त 2026 में निर्धारित समय अपरान्ह 2:00 से 6:00 बजे तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर ली जाये।
**(कार्यवाही– समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, टी0पी0आई0ए0)**

(8) मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा कई योजनाओं का पाइप लाइन, जल निकासी नाली या अन्य निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। उक्त प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को सरकारी सम्पत्ति की क्षति हेतु नोटिस निर्गत किया जाये।
**(कार्यवाही– डी0पी0आर0ओ0, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(9) जिलाधिकारी द्वारा मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा बार–बार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप लाइन डाले जाने हेतु क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्स्थापना की प्रगति व गुणवत्ता सम्बन्धित शिकायतों के विषय में अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया कि शत्प्रतिशत सड़कों को मोटरेबल कराया जाना सुनिश्चित किया जाये जिससे निकट भविष्य में किसी अप्रिय धटना से बचा जा सके, कॉवड यात्रा मार्गों में सड़क पुनर्स्थापना सम्बन्धित कोई कार्य अवशेष है तो उसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(10) अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जल सेवा आंकलन हेतु उपयुक्त पाये गये ग्रामों का जलापूर्ति क्रियाशीलता आंकलन ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर सम्बन्धित पंचायत सचिव द्वारा किया गया है, आंकलन हेतु बैठक का कार्यवृत्ति (MoM) पोर्टल पर अधिकांश ग्राम पंचायत सचिव द्वारा नहीं किया गया है, उक्त प्रकारण पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त ए0डी0ओ0 पंचायत को निर्देशित किया जाये कि (MoM) ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर यथाशीघ्र अपलोड करें।
(कार्यवाही– जिला विकास अधिकारी, डी0पी0आर0ओ0, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर )

(11) अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा जल सारथी ऐप पर जनपद जौनपुर डैश बोर्ड का प्रदर्शन किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जल सारथी ऐप का प्रचार–प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि अधिक से अधिक आम जनमानस उक्त ऐप के माध्यम से योजना की जानकारी तथा योजना से सम्बन्धित शिकायत दर्ज कर सकें।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर )**

(12) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल गुणवत्ता प्रभावित (खारा पानी आदि) ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर पाइप पेयजल योजना निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाये जिससे गुणता प्रभावित ग्रामों के आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सके तथा जल जनित बीमारियों से उन्हें बचाया जा सके।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(13) अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा व्यापक कार्यान्वय एवं सुधार नियोजन (CIRP) के विषय में अवगत कराया गया कि मिशन अवधि के लिए तैयार किये जाने वाली एक रणनीतिक एवं समयबद्ध परिचालन योजना है जिसमें योजनावार पूर्णता समय सीमाएं, वित्तीय आवंटन, सुधार सम्बन्धित प्रतिबद्धताएं तथा अधिशासन लक्ष्यों को रेखांकित किया गया है, उक्त तैयार (CIRP) का प्रदर्शन बैठक में किया गया।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(14) जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर से जानकारी चाही गयी कि कितनी योजनाएं किस–किस प्रगति के स्तर पर हैं। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 112 योजनाएं 90 प्रतिशत की भौतिक प्रगति से ऊपर हैं। 298 नग पाइप पेयजल योजनाएं 80 से 90 प्रतिशत के बीच की हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 30 सितम्बर तक 200 नग पाइप पेयजल योजनाओं को उनके समस्त निर्माण कार्यों को पूर्ण कराते हुए संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित किया जाये।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(15) प्रतिशतवार योजनाओं की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग सम्बन्धित स्वीकृति के अभाव में कार्य अवरूद्ध होने जैसे प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एन0एच0 की मासिक बैठकों में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर और फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जाये तथा एन0ओ0सी0 प्राप्त किये जाने सम्बन्धित विषयों को उक्त बैठक में ही पटल पर प्रस्तुत कर कार्यवाही करायें।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(16) जिलाधिकारी द्वारा ऐसी योजनाएं जिनका निर्माण कार्य कोर्ट से स्टे होने के कारण अवरूद्ध है, उनके लिए फर्म द्वारा स्टे वैकेट किये जाने हेतु अपने फर्म के लीगल टीम से अप्लीकेशन लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त की गयी।

(ऋषिकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
जौनपुर

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
जौनपुर

**(सैमुअल पॉल एन0)**
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
जौनपुर

पत्रांकः 1383 /स्वा0प्र0-17/ 40 दिनांकः 25/08/2026

<u>प्रतिलिपि–</u> निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
5. जिला विकास अधिकारी, जौनपुर
6. डी0पी0आर0ओ0, जौनपुर।

7. अधिशाासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
8. श्री एस0के0 जायसवाल, डिप्टी सी0एम0ओ0, स्वास्थ्य विभाग, जौनपुर।
9. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, जौनपुर।
10. सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
11. श्री प्रमोद कुमार ए0ई0, आई0डी0, जौनपुर।
12. खण्ड विकास अधिकारी, शाहगंज।
13. खण्ड विकास अधिकारी, खुटहन।
14. खण्ड विकास अधिकारी, रामपुर।
15 खण्ड विकास अधिकारी, धर्मापुर।
16. खण्ड विकास अधिकारी, डोभी।
17. खण्ड विकास अधिकारी, जलालपुर।
18. खण्ड विकास अधिकारी, सिरकोनी।
19. खण्ड विकास अधिकारी, केराकत।
20. खण्ड विकास अधिकारी, सिकरारा।
21. खण्ड विकास अधिकारी, मछलीशहर।
22. खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर।
23. खण्ड विकास अधिकारी, मुंगराबादशाहपुर।
24. सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), करंजाकला।
25. श्री कुलदीप कुमार, जू0इं0, एन0एच0आई0, जौनपुर।
26. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
27. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
28 श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
29 श्री पुष्कर सिह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0), जौनपुर।
30. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।

जिलाधिकारी
जौनपुर